# राजयोग मेडिटेशन से होता सबल मन



उद्घाटन अवसर पर ईश्वरीय स्मृति में राजयोगी ब्र.कु. सूर्य, राज्यपाल महोदया द्रौपदी मुरमू, पद्मश्री डॉ. तुलसी मुण्डा, ब्र.कु. दुर्गेश तथा अन्य।

**बेतनटी-ओडिशा।** नवनिर्मित सेवाकेन्द्र 'सद्भावना भवन' के उद्घाटन अवसर पर 'समस्या समाधान व राजयोग अनुभूति समारोह' तथा 'त्रिदिवसीय योगभट्ठी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर माउण्ट आबू से आये राजयोगी ब्र.कु. सूर्य ने 'सर्व समस्याओं का समाधान राजयोग' विषय पर सभी का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि कैसे हम राजयोग के अभ्यास से अपने मन को शक्तिशाली बनाकर समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य अतिथि झारखण्ड की राज्यपाल महोदया द्रौपदी मुरमू ने अपने जीवन की अनुभूतियों के आधार पर बताया कि कैसे परमात्मा का ध्यान व उनके साथ से हमारा जीवन सुखमय हो जाता है।

पद्मश्री डॉ. तुलसी मुण्डा ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि स्वयं की सत्य पहचान द्वारा आत्मनिष्ठा, सर्व की भलाई सोचने और करने से ही समस्या समाधान का सहज रास्ता हम पा सकते हैं।

कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। ब्र.कु. दुर्गेश बहन ने सभी को राजयोग की गहन अनुभूति कराई। ब्र.कु. बनिता ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में करीब एक हज़ार लोगों ने भाग लिया और इसकी सराहना करते हुए आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन किये जाने की इच्छा जताई।

# आध्यात्मिकता से ही जीवन में रहेगी शांति - रामदास जी



**टोंक-राज.।** मांडव ऋषि की तपोभूमि लघु पुष्कर मांडकला पर आयोजित कार्तिक पूर्णिमा मेले में ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन श्री श्री 1008 रामदास जी महाराज के द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी में श्रद्धालुओं को चित्रों के माध्यम से स्वयं की व परमपिता परमात्मा की पहचान दी गई, जीवन की सच्ची यात्रा सिखाई गई, मनुष्य जीवन की कहानी बताई गई, मनुष्य जीवन के श्रेष्ठ लक्ष्य की प्राप्ति का मार्ग बताया, जीवन में आध्यात्मिकता का समावेश कर श्रेष्ठ जीवन जीने की कला सिखाई गई तथा बताया गया कि मन रूपी मानसरोवर में हमेशा श्रेष्ठ और पवित्र विचारों के कमल खिला कर ही जीवन में सुख शांति का अनुभव कर सकते हैं। प्रदर्शनी में श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिकता को अपने जीवन में उतारने का निश्चय किया।

मौके पर ब्र.कु. पूनम, ब्र. कु. ऋतु, ग्राम विकास विभाग के जिला संयोजक ब्र.कु. प्रहलाद, ब्र.कु. अमृत, ब्र.कु. पांचू, सुरेश कुमार, रुक्मणि माता, लल्ली माता सहित अनेक ब्र.कु. भाई बहनों द्वारा प्रदर्शनी समझाई गई।

# सुस्वास्थ्य हेतु सुबह जल्दी उठना ज़रूरी


दीप प्रज्वलित करते विधायक अभय सिंह, ईला बा, ब्र.कु. राज दीदी, महारानी तनवीर, ब्र.कु. गंगाधर, ब्र.कु. मोनिका, ठाकुर जयदीप व अन्य।

- सेवाकेन्द्र का तृतीय वार्षिकोत्सव मनाया हर्षोल्लास के साथ
- माउण्ट आबू से आये प्रसिद्ध गायक ब्र.कु. नितिन ने सुंदर गीतों की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया
- सत्यम् शिवम् सुंदरम्... गीत पर झूमे गांव वासी

**गढ़बोरियाद-गुज.।** आज चारो ओर व्यक्ति भय के वातावरण में जी रहा है। किसी को व्यापार में घाटे का डर, किसी को धन के खो जाने का डर, किसी को परीक्षा में फेल होने का डर, किसी को कुर्सी चले जाने का भय। ऐसे में ब्रह्माकुमारीज़ निर्भय जीवन कैसे जीया जाये, इसके बारे में शिक्षा दे रही है, ये सराहनीय है। उक्त उद्गार ब्रह्माकुमारीज़ के गढ़बोरियाद सेवाकेन्द्र के तीसरे वार्षिकोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में ब्र.कु. गंगाधर, सम्पादक, ओमशान्ति मीडिया, माउण्ट आबू ने व्यक्त किये। उन्होंने जीवन को सुरक्षित और शांतमय बनाने के लिए मनुष्य को अपनी जीवनशैली को व्यवस्थित करने को कहा। सुबह सुबह अच्छे विचारों से अपने मन को ऊर्जावान बनायें। साथ ही कहा कि शरीर के स्वास्थ्य के लिए थोड़ा सा व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनायें। उन्होंने जीवन को सफल बनाने के लिए राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास ज़रूरी बताया। राजयोग मेडिटेशन न सिर्फ हमारे तन को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी सबल बनाता है। यहां के विस्तार में ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा की जा रही मानवता की सेवा के लिए बहुत बहुत बधाई देते हुए इसे प्रशंसनीय कार्य बताया। ये यहां के गांव के लिए बहुत बड़ा उपहार है। सभी इसका लाभ लें।

विधायक अभय सिंह तडवी ने बताया कि इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा दी जा रही शिक्षाएं अनुकरणीय हैं। समाज के हर वर्ग और क्षेत्र का विकास करना और सबके जीवन को उत्कृष्ट बनाना ही हम सबका उद्देश्य है। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज़ के साथ मिलकर समाज के हित में कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।

क्षेत्रीय संचालिका ब्र.कु. राज दीदी ने सभी को आध्यात्मिक शिक्षाओं को अपनाने पर ज़ोर दिया और कहा कि इस समय परमात्मा हम सबको दुःख से मुक्त कराने के लिए कार्य कर रहे हैं। हम इन कार्यों में अपना भी सहयोग कर विश्व को दुःख अशांति से मुक्त करने में सहयोग करें।

छोटा उदेपुर की महारानी तनवीर जी, ठाकुर जयदीप सिंह तथा गढ़बोरियाद की राजमाता ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं। ब्र.कु. मोनिका, ब्र.कु. धीरज,बड़ौदा, ब्र.कु. सीमा,पादरा ने भी अपने विचार रखे। सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सुधा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन ब्र.कु. मीनेष ने किया। कार्यक्रम का आयोजन गढ़बोरियाद की हवेली में किया गया जहां गांव के सभी लोगों ने लाभ लिया।

# मेरा शहर साफ, मेरा भी उसमें हाथ

**ग्वालियर।** ब्रह्माकुमारीज़ एवं नगर निगम ग्वालियर के संयुक्त तत्वाधान में एक विशाल पैदल स्वच्छता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया जिसको हरी झंडी नगर निगम से शिशिर श्रीवास्तव, ब्र.कु. गुप्ता, अनिल उपाध्याय एवं ब्रह्माकुमारी संस्थान से ब्र.कु. आदर्श बहन ने दिखाकर प्रारंभ किया।

इस रैली का उद्देश्य जन जन को स्वच्छता के प्रति जागरुक करना था। रैली में भिन्न भिन्न स्लोगन के माध्यम से सभी को सन्देश दिया गया।

रैली ब्रह्माकुमारी संस्थान माधवगंज से प्रारंभ होकर हनुमान चौराहा होते हुए महाराज बाड़े पर पहुंची, जहाँ एक सभा का आयोजन हुआ जिसमें राजयोगिनी ब्र.कु. आदर्श ने कहा कि स्वच्छता हमारी सोच में होगी तो बाहर भी हम स्वच्छता को बनाकर रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति 21 व्यक्तियों को तथा वह 21 व्यक्ति अलग 21 व्यक्तियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने का संकल्प लें। इस तरह यदि हम स्वच्छता के प्रति अपने कदम आगे बढ़ायेंगे तो दूसरे भी हमारे साथ जुड़ जायेंगे।

उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी स्वच्छता मिशन देवेन्द्र सुंदरियाल ने कहा कि दुनिया के सभी धर्म में हर प्रकार की स्वच्छता को मान्यता दी गई है। इसलिए हम सभी मिलकर स्वच्छता को बनाये रखने में सहयोग करें। इस अवसर पर गिरीश शर्मा,स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, शैलेष अवस्थी, नोडल ऑफिसर, सबा रहमान, ब्रह्माकुमारीज़ के सैंकड़ों भाई एवं बहनों सहित नगर निगम ज़ोनल ऑफिसर भदौरिया, राकेश कुशवाहा एवं अन्य नगर निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे। साथ ही सुनील खरे, कमल, प्रेम सहित अनेकानेक सफाई दूत भाई भी शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी को ब्र.कु. प्रहलाद द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।



सम्बोधित करते हुए ब्र.कु. आदर्श बहन। मंचासीन हैं उपायुक्त देवेन्द्र सुंदरियाल, गिरीश शर्मा, ब्र.कु. प्रहलाद तथा अतिथिगण।

# गुणवत्ता युक्त उत्पादकता हेतु शाश्वत यौगिक खेती को बढ़ावा दें


कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए ब्र.कु. राजू, कृषि मंत्री रणधीर कुमार सिंह, विधायक बिरंची नारायण, ब्र.कु. कुसुम तथा अन्य।

**बोकारो-झारखण्ड।** ब्रह्माकुमारीज़ के ग्राम विकास प्रभाग द्वारा अलग अलग क्षेत्रों में शाश्वत यौगिक खेती की जानकारी देने हेतु 'किसान सशक्तिकरण अभियान' का शुभारम्भ झारखंड के बोकारो स्टील सिटी से किया गया। अभियान के अंतर्गत प्रदेश के चारो दिशाओं से चार दिव्य किसान सेवारथ अलग अलग क्षेत्रों के लिए रवाना किए गए। इस अभियान में ब्रह्माकुमारी बहनें मार्ग में आने वाले गांवों, कस्बों एवं शहरों में कार्यक्रम आयोजित कर किसान एवं ग्रामीण जनों को स्वस्थ और स्वच्छ जीवन के लिए सकारात्मक चिंतन को अपनाने तथा राजयोग द्वारा व्यसनमुक्ति, मूल्य शिक्षा एवं तनावमुक्त खुशहाल जीवन की जानकारी देंगे।

माउण्ट आबू से आए ब्र.कु. राजू ने उपस्थित युवाओं को ये संकल्प दिलाया कि वे शाश्वत यौगिक खेती के लिए आगे आएं तथा किसानों एवं देश के लिए कल्याण का कार्य करें।

ब्र.कु. तृप्ति, नेशनल कोऑर्डिनेटर, कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग ने कहा कि समस्त मानव जाति के सुस्वास्थ्य के लिए किसान शाश्वत यौगिक खेती का प्रयोग करें। ये किसानों के लिए लाभदायक है।

मुख्य अतिथि रणधीर कुमार सिंह, कृषि मंत्री झारखंड ने किसान सशक्तिकरण हेतु प्रयास की सराहना की तथा इस कार्य में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

विशिष्ट अतिथि विधायक बिरंची नारायण ने विज्ञान और अध्यात्म के माध्यम से जीवन जीने को प्रेरित किया और डेंटम वॉल बनवाने के लिए अपने वायदे को सरकार के समक्ष रखने की बात कही।

सभी गणमान्य नागरिक और सैंकड़ों किसान भाइयों-बहनों ने ब्रह्माकुमारीज़ के इस सराहनीय प्रयास की भरपूर प्रशंसा की। बोकारो सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. कुसुम ने अतिथियों एवं भाई बहनों को धन्यवाद दिया।

RNI NO RAJHN/2000/721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/15-17, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2015-17, Posting on 12TH TO 14TH and 22ND TO 24TH each month, published on 12th Dec 2018
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, प्रकाशक: ब्र.कु.करुणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ) के लिए प्रकाशित एवं डी.बी.प्रिंट सॉल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित।